राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

# आदर्श कॉलेज घैलाढ़-जीवछपुर, मधेपुरा

(भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर, मधेपुरा से स्थायी संबंधन प्राप्त)

23/01/2022

## बोस जैसी वीरता हर युवाओं के दिल में जगाएं

घैलाढ़ एक संवाददाता

आदर्श कॉलेज घैलाढ़ जीवछपुर और नेहरू युवा केन्द्र मधेपुरा के द्वारा नेताजी सुभाषचंद बोस जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। समारोह का उद्घाटन प्राचार्य प्रो.धीरेन्द्र कुमार ने किया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अनन्त कुमार, लालबहादुर शास्त्री एवं प्रो.सुशील कुमार तथा नेहरू युवा केन्द्र मधेपुरा के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवी लाखो कुमांरी मौजूद थे। इस अवसर पर प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (कब्बडी, दौर, बैडमिंटन, खोखो) का उदघाटन किया गया। .कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि बोस जैसी वीरता हर युवा के दिल में जगायें। आओ हम सब मिलकर पराक्रम दिवस मनाये कार्यक्रम में छात्रा चंचल कुमारी, पायल कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, ऋतु कुमारी, सूरज, अंकित, सौरभ, मनोरथ, मणिकांत आदि 50 छात्र-छात्रा के अलावे प्रो.सत्येन्द्र नारायण यादव,प्रो.महेंद्र नारायण ,प्रो,अशोक कुमार,प्रो.मनोज कुमार,प्रो.राजनंदन कुमार आदि अनेक शिक्षक एवम शिकक्षेत्तर कर्मी मौजूद थे।

23/01/2022

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

# आदर्श कॉलेज घैलाढ़-जीवछपुर, मधेपुरा

(भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर, मधेपुरा से स्थायी संबंधन प्राप्त)

**कार्यक्रम** • आदर्श कॉलेज में एनएसएस व नेहरू युवा केंद्र की ओर से कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## नेता जी की जयंती पर हुए प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

भास्कर न्यूज़ | घैलाढ़

आदर्श कॉलेज परिसर में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य धीरेंद्र कुमार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अनंत कुमार, लाल बहादुर शास्त्री, सुशील कुमार, एनवाईवी स्वाति जोशी एवं पूर्व एनवाईवी लाखो कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी, दौड़, बैडमिंटन, खो-खो आदि प्रतियोगिताएं शामिल था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस साहस, नेतृत्व और कौशल और असाधारण सख्सियत थे। कार्यक्रम में प्रो. सत्येंद्र नारायण यादव, प्रो. महेंद्र नारायण, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. राजनंदन कुमार सहित छात्रा चंचल कुमारी, पायल कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, ऋतु कुमारी, सूरज, अंकित, सौरभ, मनोरथ, मणिकांत सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।




आदर्श कॉलेज में जयंती समारोह उद्घाटन करते अतिथि।

23/01/2022


पराक्रम दिवस
सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती समारोह
दिनांक-23 जनवरी
आयोजक-राष्ट्रीय सेवा योजना

**ADARSH COLLEGE GHAILARH-JIWACHPUR [MADHEPURA]**
Permanently affiliated to B.N. Mandal University, Laloo Nagar, Madhepura (Bihar)
Estd.-1985

Dr. Anant Kumar
Programme Officer (NSS)

Mob : 9431685868
: 8406814093

Letter No. :........................ Dated :..7/4/2022..........



विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कैम्प में घैलाढ़ पी० एच० सी० के डॉ० कुणाल द्वारा स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए ग्रामीण एवं स्वयं सेवक।

# पौधरोपण से होने वाले फायदे के बारे में बताया

मधेपुरा, हमारे प्रतिनिधि। आदर्श कॉलेज घैलाढ़-जीवछपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य प्रो.अरुण कुमार ने किया। मौके पर प्रधानाचार्य प्रो. कुमार ने कहा कि पेड़-पौधा पर्यावरण से प्रदूषण के स्तर को कम कर इसे शुद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अनन्त कुमार ने कहा कि पर्यावरण के अंतर्गत जल, वायु, भूमि, मानव, पौधे, सुक्ष्म-जीव और अन्य जीवित पदार्थ आते हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. सुशील कुमार और प्रो. लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी बातें रखी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षकों ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में प्रो. बिजेन्द्र नारायण यादव, प्रो.सत्येन्द्र नारायण यादव, प्रो.सत्येन्द्र प्रसाद, प्रो.भुवनेश्वरी प्रसाद, प्रो.राजनंदन कुमार, प्रो.ललन कुमार, प्रो.मनोज कुमार, प्रो.अशोक कुमार, प्रो.धीरेन्द्र कुमार, प्रो.अर्जुन कुमार, प्रो.आभा रानी यादव, प्रो.अनिला कुमारी, प्रो.सुशील कुमार, प्रमोद चौधरी, गजेंद्र कुमार, अमरेंद्र कुमार, कपिलदेव कुमार, चंदकुमार आदि शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर वीमेंस कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. जूली ज्योति ने कहा पर्यावरण को सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। एनएसएस पदाधिकारी प्रो. रूपा कुमारी ने कहा दुनिया में लगातार बढ़ रहे हैं प्रदूषण को पौधरोपण से ही कम किया जा सकता है। प्रो. मंटू कुमार ने पौधरोपण को जरूरी बताया। मौके पर प्रो. अनिल कुमार, प्रो. रवींद्र कुमार, विकास कुमार, मौजूद थे।



दिनांक 5 जून 22 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करते प्रधानाचार्य एवं अन्य

Lal Babu Aadarsh College
yest



विश्व पर्यावरण दिवस दिनांक 5 जून 2022 को वृक्षारोपण करते प्रधानाचार्य प्रो० अरुण कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ० अनंत कुमार, प्रो० सत्येन्द्र नारायण साहु आदि।




आज दिनांक 21 जून 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य प्रो० अरुण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया साथ में तीनों इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी यथा प्रथम इकाई के प्रो० लाल बहादुर शास्त्री, द्वितीय इकाई के डॉ० आनंद कुमार एवं तृतीय इकाई के प्रो० सुशील कुमार उपस्थित थे।


अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
21 जून
राष्ट्रीय सेवा योजना




02/october/2022 22




राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
आदर्श कॉलेज घैलाढ़-जीवछपुर (मधेपुरा)
2 अक्टूबर
गाँधी जयंती
प्लास्टिक हटाओ,
बिमारी भगाओ ।।

दिनांक- 16 अक्टूबर 2022 को [illegible]
पर संतुलित एवं पौष्टिक आहार चार्ट बनवाते महाविद्यालय के वरीय शिक्षक
प्रो० अरुण कुमार।




नशा मुक्ति दिवस
दिनांक:-26 नवम्बर

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

# आदर्श कॉलेज घैलाढ़-जीवछपुर, मधेपुरा

(भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर, मधेपुरा से स्थायी संबंधन प्राप्त)



मधेपुरा कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ करते मधेपुरा कॉलेज के प्राधानाचार्य व अन्य अतिथि। • फोटो: हिन्दुस्तान

## घैलाढ़: विश्व मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन

घैलाढ़। आदर्श कॉलेज घैलाढ़ जीवछपुर की एनएसएस इकाई द्वारा शुक्रवार को विश्व मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य प्रो. धीरेन्द्र कुमार ने कहा कि मानव अधिकार का मतलब, मनुष्यों को वो सभी अधिकार देना है जो व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता और प्रतिष्ठा से जुड़ी है। ये सभी अधिकार भारतीय संविधान के भाग-3 में मूलभूत अधिकारों के नाम से मौजूद है और इन अधिकारों का उलंघन करने वालों को अदालत द्वारा सजा दी जाती है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.लाल बहादुर शास्त्री, द्वितीय इकाई के डॉ. अनंत कुमार और तृतीय इकाई के प्रो. सुशील कुमार द्वारा लोगों को उसके अधिकार के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरीय शिक्षक प्रो. महेंद्र नारायण, प्रो. सत्येंद्र नारायण, प्रो. अरुण कुमार, प्रो. सतेन्द्र प्रसाद यादव, प्रो. तारानंद, प्रो. देवेंद्र आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

10 दिसम्बर - 2022
विश्व मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम